# सांसद ने ली शपथ : जब तक सीधी में ट्रेन नहीं आयेगी, मैं माला नहीं पहनूंगा

## सीधी के विकास की आशा ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना की रेल सीधी तक पहुंचने को लेकर सांसद ने स्थानीय कार्यक्रम में ली शपथ






नवभारत न्यूज

**सीधी 31 दिसम्बर। सांसद ने शपथ ली है जब तक सीधी में ट्रेन नही आयेगी, मैं माला नही पहनूंगा। सीधी के विकास की आशा ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना की रेल सीधी तक पहुंचने को लेकर लोकसभा क्षेत्र सीधी सांसद ने स्थानीय एक कार्यक्रम में यह शपथ ली।**


पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज सीधी में गत दिनों आयोजित विचार गोष्ठी में सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी जिला मुख्यालय में जब तक रेल का ट्रायल नहीं हो जाता वे किसी भी कार्यक्रम में माला नहीं पहनेंगे। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान से डॉ.मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को भी यह बता दें कि किसी भी कार्यक्रम में उनको माला ना पहनाया जाय। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा स्थानीय कार्यक्रम में ली गई शपथ से यह स्पष्ट हो गया है कि सीधी में रेल लाने को लेकर वे कितने संजीदा है।

डॉ.राजेश मिश्रा रेलवे के चल रहे कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण भी करते हैं जिससे कार्य की गति बनी रहे। वे अपनी तरफ से पूर्ण प्रयास में हैं कि गर्मी के दिनों तक जिला मुख्यालय सीधी में रेल का ट्रायल हो जाय। रेलवे द्वारा वर्तमान में रामपुर नैकिन एवं चुरहट के बीच ट्रैक बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जनवरी माह के अंत तक में रेलवे स्टेशन चुरहट तक रेल का ट्रायल हो सकता है। इसके बाद चुरहट से सीधी रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक बिछाने का कार्य शुरू होगा।

### सीधीवासियों का दशकों का पूरा होगा रेल का सपना

ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना से सीधीवासियों का दशकों पुराना रेल का सपना पूरा होगा। सीधी जिले में रेलवे के चल रहे कार्यों की प्रगति को देखकर लोगों का विश्वास है कि नये वर्ष 2026 में उनका रेल का सपना पूरा हो जायेगा। सीधीवासियों की जनभावनाओं को लेकर ही लोकसभा सीधी सांसद डॉ .राजेश मिश्रा द्वारा यह शपथ ली गई है कि जब तक सीधी में रेल का ट्रायल पूर्ण नहीं हो जाता वह माला नहीं पहनेंगे। सांसद के इस शपथ के बाद अब लोगों को उम्मीदें हैं कि सीधी में जल्द रेल आयेगी और उनका सपना पूरा होगा।

### इनका कहना है



सीधी में जब तक ट्रेन नहीं आ जाती, तब तक वह किसी भी कार्यक्रम में माला नहीं पहनेंगे। माला ना पहनने की शपथ वह आज ले रहे हैं और सीधी में ट्रेन आने के बाद ही वह माला पहनेंगे।

**डॉ .राजेश मिश्रा,** लोकसभा सांसद सीधी



# शहर की यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 दिसम्बर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, संवेदनशील मार्गों तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की गई और प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी।**

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों से जुड़ने वाली सड़कों एवं विद्यालयों के आसपास निर्धारित मानकों के अनुसार गति अवरोधकों का निर्माण किया जाए ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके। इसके साथ ही गति अवरोधकों के निर्माण में शासन द्वारा तय किए गए तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए सड़क किनारे स्थित पेड़ों पर फ्लोरोसेंट चिन्ह लगाने, स्कूल बसों की ओवर स्पीडिंग की नियमित जांच, तथा फ्लाई ऐश डस्ट के परिवहन में निर्धारित मानकों के पालन को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी उपखंड अधिकारियों एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपखंड अधिकारी सिहावल सुश्री प्रिया पाठक, मझौली आर.पी.त्रिपाठी, गोपद बनास राकेश शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला विकास सलाहकार की सदस्य बनीं जमुनी देवी



नवभारत न्यूज

**कुसमी 31 दिसम्बर। जनपद कुसमी की पूर्व जनपद अध्यक्ष व टमसार वार्ड से 5 पंचवर्षीय से निर्वाचित जनपद सदस्य व भाजपा की पूर्व जिला मंत्री जमुनी देवी को बीते दिनों जिला विकास सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। जिसकी जानकारी मिलते है क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।**

बधाई देने वालो में सांसद प्रतिनिधि राजकुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, महामंत्री सुरेन्द्र बैस, रामभरत मिश्रा, डॉ. आर.डी.साहू, शेषमणि मिश्रा, ईश्वरदीन सिंह, रामेश्वर सिंह, रमेश पनाड़िया, तीरथ सिंह, सरपंच प्रेमलाल जायसवाल, अशोक तिवारी, राजेन्द्र जायसवाल, रामाधार साहू, चंद्रप्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह, सूर्यभान सिंह, रामदास प्रजापति, गेंदलाल जायसवाल, मोहन साकेत, लालजी मिश्रा, राजकरण सिंह, सुभाष यादव, श्यामलाल साहू सहित अन्य ने बधाई प्रेषित किये हैं। वहीं पूर्व जनपद अध्यक्ष जमुनी देवी ने सांसद डॉ.राजेश मिश्रा और धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के प्रति आभार जताया है।

# बहरी में 3 को मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव करेंगे आम सभा को संबोधित

## तीसरी बार मुख्यमंत्री का बहरी आने का कार्यक्रम, शासकीय स्तर से अभी जारी नहीं हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 दिसम्बर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का तीसरी बार बहरी आने का कार्यक्रम फिर सुर्खियों में बना है। इस बार 3 जनवरी 2026 को बहरी में मुख्यमंत्री के आम सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। सरकारी स्तर से अभी कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है।**

दरअसल सिहावल विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वामित्र पाठक द्वारा हाल ही में भोपाल में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्रीय जनता की भावनाओं से अवगत कराया गया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा 3 जनवरी 2026 को बहरी आने की औपचारिक स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जल्द ही प्रशासनिक स्तर से भी तैयारियां शुरू होंगी। मुख्यमंत्री के बहरी आगमन की क्षेत्रीय लोग काफी बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। लोगों को उम्मीदें हैं कि मुख्यमंत्री के आने पर क्षेत्र को बड़ी सौगातें मिल सकती हैं। इसी वजह से मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर लोग काफी उत्सुक हैं।



### क्षेत्र को मिल सकती है बड़ी सौगातें : विश्वामित्र



विधानसभा क्षेत्र सिहावल के विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री का 3 जनवरी 2026 को बहरी आगमन का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। क्षेत्रीय जनता जनार्दन मुख्यमंत्री के आने की बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र को कई बड़ी सौगातें मिल सकती हैं। उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्रीय जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए कई मांगों को पूरा किया जाएगा। जिसमें कुछ बड़ी मांगें भी जनता जनार्दन की पूरी होंगी।

# गणेश की छात्राओं ने अनोखे अंदाज में किया नये साल का स्वागत




नवभारत न्यूज

**सीधी 31 दिसम्बर। स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा में बुधवार 31 दिसम्बर को नववर्ष की पूर्व संध्या पर साल 2025 की विदाई और 2026 का स्वागत उमंग, उत्साह और उल्लास के साथ हुआ।**

कला शिक्षक राजकपूर चितेरा एवं शिक्षिका अन्वेषा डे के निर्देशन में कक्षा 12वीं की छात्राएं जिसमें आरात्रिका डे, महक शुक्ला, वैष्णवी सिंह चौहान, माही सिंह बघेल, अविधा पाठक एवं आस्था सेन ने हैप्पी न्यू ईयर 2026 की एक विशाल आकृति थर्माकोल के जरिये बनाई और उसे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रंगा। जो देश के गौरव, मूल्यों और एकता को दर्शाता है। इस दौरान छात्राओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर नए साल का स्वागत किया। मौके पर मौजूद संस्थान के डायरेक्टर नीरज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को नववर्ष का बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के लिए नया साल मंगलमय और आप नए वर्ष में हर वो मुकाम हासिल करें जिसकी आपके दिल में तमन्ना हो। उनका मानना है कि नया साल केवल तारीख बदलने का अवसर नहीं बल्कि खुद को बेहतर बनाने और नई दिशा में आगे बढ़ने का मौका है।

# सोनवर्षा में पदस्थ शिक्षक संतोष मिश्रा के सेवानिवृति पर सम्मान समारोह आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 31 दिसम्बर। शास. प्राथमिक शाला सोनवर्षा में पदस्थ प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा का 30 दिसम्बर 2025 को अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान समारोह/विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस मौके पर इंद्रशरण सिंह चौहान कार्यसमिति सदस्य भाजपा सीधी एवं सतीश कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। श्री पाण्डेय ने कहा कि संतोष मिश्र एक निष्ठावान, ईमानदार, कर्तव्य निष्ठा, समय के पाबंद एवं व्यक्तित्व के धनी थे। श्री मिश्र की नियुक्ति 1984 में शासकीय प्राथमिक शाला सोनवर्षा में हुई एवं 30 दिसम्बर को 41 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हो रहे हैं। यह उनके व्यक्तित्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। श्री मिश्रा इस विद्यालय में रहकर 3 पीढ़ियों को शिक्षा दी जो हमेशा याद किया जाएगा। श्री पाण्डेय द्वारा उनके स्वस्थ जीवन और सुख में जीवन की कामना किया गया। इस मौके पर इंद्रशरण सिंह चौहान द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मिश्रा ने निर्विवादित एवं छात्र हित विद्यालय हित में अतुलनीय कार्य किया जिसे हमेशा याद किया जाएगा। संतोष मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कुछ ना कहते हुए गीत के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष म.प्र. शिक्षक संघ कुमुद पाण्डेय द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन दयाशंकर शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर विमल सिंह चौहान पवित्र ट्रेडर्स, सचिव ग्राम पंचायत सोनवर्षा, सरपंच ग्राम पंचायत तेंदुआ, जनपद सदस्य तेंदुआ एवं विद्यालय की शिक्षिका रेणुका मिश्रा, किरण मिश्रा, किरण द्विवेदी ने अपने-अपने विचार दिए। कार्यक्रम के अंत में इंद्रशरण सिंह चौहान एवं सतीश कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष म.प्र. शिक्षक संघ एवं कुमुद पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष म.प्र. शिक्षक संघ द्वारा श्री मिश्र को शाल श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया।

# फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित, एसपी ने जारी की सूचना

**सीधी 31 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक जिला सीधी संतोष कोरी द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इनाम राशि की घोषणा की गई है। थाना कमर्जी, जिला सीधी के फरार आरोपी अमन सिंह बघेल, पिता सी.पी.सिंह बघेल, निवासी ग्राम सुअरगात, थाना रामपुर नैकिन, जिला सीधी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए गए, किंतु अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80बी(1) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत फरार आरोपी अमन सिंह बघेल की गिरफ्तारी के लिए 200 रुपये (दो सौ रुपये) के इनाम की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि जो कोई भी व्यक्ति उक्त फरार आरोपी के संबंध में ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर उसकी गिरफ्तारी संभव हो सके, अथवा गिरफ्तारी में सहयोग करेगा या स्वयं आरोपी को गिरफ्तार कराएगा, उसे घोषित इनाम राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इनाम राशि के वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा लिया जाएगा, जो सर्वमान्य होगा।

## एक नजर में

### भदौरा में अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन



**कुसमी।** भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा भदौरा रेल्वे स्टेशन के पास संगठन के मुन्ना गुप्ता के घर मे 24 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है यह आयोजन सद्गुरुदेव योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन किया जा रहा है। मुन्ना गुप्ता ने बताया की आध्यात्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य समाज को नशामुक्त, मांसाहार रहित, चरित्रवान, छुआछूत व जातिभेद से मुक्त बनाते हुए स्वच्छ राजनीति और सशक्त मानवता की दिशा में प्रेरित करना है। पुराने वर्ष की विदाई और नववर्ष के आगमन पर दुर्गा चालीसा पाठ कार्यक्रम किया जा रहा है। दुर्गा चालीसा पाठ में भगवती संगठन के रामकरण पनाडिया, देवराज कुशवाहा, अजय पनाडिया, रामबदन साकेत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जिला चिकित्सालय में नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन



**सीधी।** जिला चिकित्सालय सीधी में नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। दिसम्बर माह के दौरान कुल 225 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए, जिससे बड़ी संख्या में मरीजों को दृष्टि लाभ प्राप्त हुआ। दिसम्बर माह के अंतिम सोमवार को मोतियाबिंद से पीड़ित 18 मरीजों को भर्ती किया गया, जिनमें से 16 मरीजों का मंगलवार को नि :शुल्क ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया गया। यह सभी ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ .लक्ष्मण पटेल एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। ऑपरेशन के उपरांत आज सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मा नि :शुल्क प्रदान किया गया। शेष दो मरीजों का ऑपरेशन बीपी एवं शुगर अनियंत्रित होने के कारण नहीं हो सका, जिन्हें चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार नियंत्रित कर गुरुवार को नि :शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। जिला चिकित्सालय प्रशासन ने जिला वासियों से अपील की है कि वे मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु सोमवार एवं बुधवार को भर्ती होकर इस नि :शुल्क सुविधा का लाभ उठाएं। नियमित रूप से मंगलवार एवं गुरुवार को ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

# धान उपार्जन केन्द्रों पर सतत निरीक्षण जारी, गुणवत्ता, तौल और पारदर्शिता सुनिश्चित करने प्रशासन सतर्क



नवभारत न्यूज

**सीधी 31 दिसम्बर। जिले में धान उपार्जन कार्य को सुचारु, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर सतत निरीक्षण जारी रखा गया है।**

प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा औसत अच्छी गुणवत्ता धान का समर्थन मूल्य 2369 रु. प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है तथा जिले में धान उपार्जन कार्य 1 दिसम्बर से 20 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, उपायुक्त सहकारिता विभाग, मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन एवं सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का नियमित एवं औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर को डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियल सिंह द्वारा चुरहट खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया गया, वहीं राजेश कुमार सिंह ने कमर्जी, लकोड़ा, सोनपरी महिला स्वसहायता समूह तथा मां शारदा स्व सहायता समूह चुरहट सर्रा उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धान की गुणवत्ता, तौल प्रक्रिया, स्टैकिंग व्यवस्था एवं परिवहन प्रबंधन की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य में किसानों के साथ किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता न हो और सभी प्रक्रियाएं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं।

# जिला न्यायालय परिसर में हुआ विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर



नवभारत न्यूज

**सीधी 31 दिसम्बर। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर, रवीन्द्र कुमार शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा जिला न्यायालय परिसर सीधी में आज प्रोटेक्ट टुडे सिक्योर टुमारो, पैन इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल के अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन किया गया।**

उक्त शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर द्वारा इस पहल का उद्देश्य के बारे में बताया गया। पहल का उद्देश्य पर्यावरण कानून के तहत शिकायत निवारण तंत्र तक पहुंचने में समुदायों की सहायता कराना, राज्य की कार्यवाही को निर्देशित किए बिना। इसका मुख्य लक्ष्य स्वैच्छिक सामुदायिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बाहरी कार्यों में लगे लोगों के लिए। रवीन्द्र कुमार शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश ने बताया कि इस पहल के माध्यम से हम समुदायों को पर्यावरण कानून के बारे में जागरूक करने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे है। मनीष कौशिक ने बताया कि यह पहल संपूर्ण भारत पर लागू की जायेगी, जिसमें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील कानूनी सेवा क्लिनिक और पैरालीगल वॉलेंटियर के व्यापक संस्थागत नेटवर्क का उपयोग किया जाएगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आमजन को न्याय दिलाने हेतु निरंतर कार्यरत है। उक्त शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर, रवीन्द्र कुमार शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण सहित आमजन उपस्थित रहे।

### जिला जेल में हुआ विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर



म.प्र . राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा जिला जेल सीधी में बुधवार 30 दिसम्बर को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी। शिविर में बाबूलाल सिंह डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई। साथ ही बंदियो को जानकारी देते हुए कहा कि नि :शुल्क विधिक सहायता तहसील एवं जिला न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उच्चतम न्यायालय में उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से उपलब्ध होती है।